## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ली निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

**सतना।** मैहर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में गुरुवार को कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने जिले में संचालित सीमेंट फैक्ट्रियों के द्वारा सीएसआर मद से किए गए निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में केजेएस, अल्ट्राटेक तथा एमपी बिरला सीमेंट के प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए

### उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मैहर में किए माता के दर्शन और पौधरोपण



**मैहर।** उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा मैहर मां शारदा दर्शन के पश्चात पुलिस लाइन मैहर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया।इस मौके पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधिक्षक सुधीर अग्रवाल अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक मुकेश वैश्य नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक थाना प्रभारी मैहर अनिमेष द्विवेदी व मैहर जिले का पुलिस स्टॉप उपस्थित रहे।

### परिवार नियोजन को लेकर निकाली गई रैली



**सतना।** जनसंख्या स्थिरता माह 2024 विकसित भारत की नई पहचान परिवार नियोजन हर दंपति की शान स्लोगन के तहत जन समुदाय की जागरूकता के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा एल के तिवारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली के समापन के पश्चात डा एल के तिवारी द्वारा जनसंख्या स्थिरता माह विषय पर प्रकाश डाला। इस दौरान डीपीएम डा निर्मला पांडे,डा भूपेंद्र सिंह अर्बन नोडल अधिकारी,डीसीएम डा ज्ञानेश मिश्रा,गीता मिश्रा डिप्टी एमआईओ,उमा वर्मा,सूर्या गुप्ता,एल एल शुक्ला,पुष्पेंद्र दहिया,विक्रम,आशुतोष पयासी राजेश,राधा प्रधान पीसीआई प्रतिनिधि,नर्सिंग कालेज की छात्राएं उपस्थित रहीं।

### बाइक सवारों को मारी टक्कर, तीन हुए घायल

**कटनी।** तेज रफ्तार चारपहिया वाहन चालक ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में 3 लोग घायल हो गये। आसपास उपस्थित लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट कार्यलय मार्ग दुगाडी नाला के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार कार चालक ने मोटर साइकिल सवारों को जोरदार टक्कर मार दी जिससे सभी को गंभीर चोटे आई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चारपहिया की रफ्तार इतनी तेज थी की मोटर साइकिल सवार युवक काफी दूर तक जा छिटके। बाइक सवारों के साथ चारपहिया वाहन चालक को भी सिर चोट आई। मौजूद लोगों ने वाहन का पिछा भी किया गया लेकिन वह मौके से तुरंत फरार हो गया। घायलो को जिला अस्पताल मे उपचार के लिए भेजा गया है। घटना स्थल पहुंची पुलिस ने सड़क हादसे की जानकारी आसपास उपस्थित लोगों से ली।

### जिले में अब तक 133.1 मिलीमीटर औसत वर्षा

**कटनी।** अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से मंगलवार 10 जुलाई 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी मे 128.2 मिलीमीटर, रीठी में 133.4, बड़वारा में 87.0 मिलीमीटर, बरही में 114.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 104.3 मिमी, बहोरीबंद मे 133.3 मिलीमीटर स्लीमनाबाद में 163.9 मिलीमीटर, ढीमरखेड़ा 197.9 मिलीमीटर वर्षा वर्षामापी केन्द्र में दर्ज की गई है।

## कई इलाके पानी से हुए जलमग्न, नागरिकों की मुश्किलें बढी






# बारिश होते ही शहर का हुआ बुरा हाल, जगह-जगह सीवर लाइन के गड्ढे में फंस रहे वाहन

सतना

हुई वर्षा के दौरान शहर के विभिन्न इलाके जलमग्न दिखाई दिये।सिटी कोतवाली से प्रेमनगर धवारी चौराहा की ओर जाने वाले मार्ग पर अंडरब्रिज के नीचे घुटनों-घुटनों तक पानी भर जाने से लोगों को आवा गमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। हालांकि लचर व्यवस्था के कारण इस स्थान पर हर बरसात के मौसम में जनता को इस समस्या से रूबरू होना पड़ता है।जल भराव की यह स्थिति कलेक्ट्रेट के सामने की सड़क की पटरी, कलेक्ट्रेट गेट,जिला अस्पताल परिसर,सब्जी मंडी एवं अन्य कई स्थानों में भी देखी गयी। जल भराव के अलावा शहर की सड़कों पर नाली का पानी बहने के साथ विकास कार्यों के लिये की गई खुदाई की मिट्टी से भारी कीचड़, फिसलन की स्थिति कई स्थानों में देखने को मिली।

### फिसलकर गिर रहे दो पहिया वाहन चालक

गौशाला चौक से लेकर डालीबाबा,भैंसाखाना,सुभाष चौक से जयस्तंभ चौक तक कीचड़,फिसलन होने के कारण कई दो पहिया वाहन फिसल कर गिर गये।इसके अलावा कुछ ई-आटो भी अनियंत्रित होकर पलट गये। हालांकि कहीं से भी कोई बड़ी दुर्घटना की खबर नहीं मिली है,किन्तु थोड़ी से बारिश में शहर में चहुंओर गंदगी-कीचड़ फैली नजर आ रही है।

### गौशाला चौक में दलदल में फंसा ट्रक

सड़क की मरम्मत का काम जारी होने के बावजूद गौशाला चौक का बहुत ही बुरा हाल है। सीवर लाइन बिछाने के लिये खोदे गये गड्ढों को पाटे जाने के बाद भी वहां दलदल सी मची हुई है। आये दिन वाहन इस जगह फंस जाते हैं। गुरुवार को भी यहां एक ट्रक फंस गया। ट्रक को बाहर निकालने के लिये मशक्कत की जा रही थी।

### सर्किट हाउस के पास लगा जाम

बारिश के कारण शहर में जहां विभिन्न स्थानों पर वर्षा के जल की भराव की स्थिति बनी हुई है, वहीं सड़कों पर पानी भर जाने के कारण चालकों को वाहन चलाने में दिक्कत हो रही है। सर्किट हाउस के पास वैसे तो आम दिनों में भी जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। लेकिन जब सड़क पर पानी भरा हो,फिसलन हो, तब और भी विकट समस्या उत्पन्न हो जाती है।ओवरब्रिज से आने वाले चार पहिया वाहन जीप,कार,बसों तथा ओवरब्रिज की ओर जाने वाले वाहनों की रफ्तार वर्षा के कारण काफी धीमी पड़ गयी है। जिसके चलते ओवरब्रिज पर तथा उसके नीचे एवं सर्किट हाउस के पास जाम की स्थिति देखने को मिली। इस वजह से लोगों को काफी दिक्कत हुई। यहां उल्लेखनीय है कि तेज बारिश होने पर आटो एवं दो पहिया वाहन चालक अपने-अपने वाहन सड़क के किनारे खड़े करके भींगने से बचने के लिये आसपास कहीं दुबक जाते हैं। जिसके कारण आवागमन अवरुद्ध हो जाता है।

### गर्मी से मिली राहत

5 दिन पहले हुई बारिश के बाद एकदम से बादलों के गायब होने और भीषण गर्मी से लोगों का हाल बुरा हो गया था। उमस भरी गर्मी से लोग दिन और रात में बेचैनी महसूस कर रहे थे। गुरुवार को हुई झमाझम बारिश के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

## शिक्षा समिति की बैठक में फिर नहीं पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी नीरव

# अधूरी जानकारी लेकर पहुंचे थे अधिकारी, मिली फटकार

**सतना।** गुरुवार को जिला पंचायत सतना के सभागार में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष स्थाई शिक्षा समिति की सभापति श्रीमती सुष्मिता डॉ पंकज सिंह परिहार के अध्यक्षता में स्थाई शिक्षा समिति की वृहद बैठक का आयोजन किया गया। बैठक अपने पूर्व निर्धारित एजेंडे के अनुसार प्रारंभ हुई,बैठक प्रारंभ होते ही जिला पंचायत की स्थाई शिक्षा समिति के सचिव और जिला शिक्षा अधिकारी नीरव दीक्षित की एक बार पुनः अनुपस्थिति पर जिला पंचायत की उपाध्यक्ष और स्थाई शिक्षा समिति के सभी सदस्यों ने एक सुर में आपत्ति जाहिर करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किए जा रहे इस तरह के व्यवहार को अलोकतांत्रिक बताते हुए जिला पंचायत की महत्वपूर्ण समिति के प्रति अपमानजनक व्यवहार बताया और भविष्य में इस तरह के आचरण से बचने की सलाह देते हुए बैठक में मुख्य एजेंडा पर चर्चा प्रारंभ हुई,बैठक में सतना और मैहर जिले में संचालित 1071 अशासकीय विद्यालयों की संपूर्ण जानकारी के संबंध में विकास खंडवार विकास खंड स्त्रोत समन्वयक से एक-एक कर जानकारी ली गई विकासखंड स्त्रोत समन्वयको से प्राप्त जानकारी के आधार पर अमरपाटन विकासखंड के 32 विद्यालय मैहर विकासखंड के 47 विद्यालय मजगवॉ विकास खंड के 31 विद्यालय नागौद विकासखंड के 31 विद्यालय रामनगर विकासखंड के 28 विद्यालय रामपुर के 23 सोहावल के 150 और उचेहरा के 29 विद्यालयों सहित कुल 371अशासकीय विद्यालयों के दस्तावेज से संबंधित फाइल जमा की गई। विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों के द्वारा कम संख्या में दस्तावेज संग्रहित किए जाने पर जिला पंचायत की उपाध्यक्ष ने अत्यंत नाराजगी भरे लहजे में विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों के आग्रह पर आगामी 17 सितंबर आयोजित की जाने वाली स्थाई शिक्षा समिति की बैठक में शेष विद्यालयों के दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए। इसी तारतम्य में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष ने मौजूद सहायक संचालक और जिला स्त्रोत समन्वयक की ओर से संबंधित अशासकीय विद्यालयों को अंतिम निर्देश पत्र जारी करने को कहा और यह भी निर्देश दिए कि यदि आगामी बैठक में किसी भी अशासकीय विद्यालय द्वारा जानकारी से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए तो संबंधित विद्यालय की मान्यता समाप्त करने का प्रस्ताव तैयार किया जाए। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता डॉ पंकज सिंह परिहार के साथ-साथ स्थाई शिक्षा समिति के सभी सदस्य संजय सिंह कछवाह,एकता सिंह, बाबूलाल प्रजापति,पूजा गुप्ता,सोमवती लोधी और प्रियंका वर्मा,सहयोजित सदस्य डॉ पंकज सिंह परिहार, सहायक संचालक गिरीश अग्निहोत्री,जिला परियोजना समन्वयक विष्णु त्रिपाठी,अल्पसंख्यक कल्याण एवं पिछड़ा वर्ग के सहायक संचालक के के शुक्ला सहायक परियोजना समन्वयक दिवाकर सिंह,जिला पंचायत से दान बहादुर सिंह,सभी विकास खंडो के बीआरसीसी,विकासखंड शिक्षा अधिकारी,जिला क्रीड़ा अधिकारी,जिला प्रौढ़ अधिकारी,सभी जनपद केंद्रों के सहायक यंत्री उप यंत्री मौजूद रहे।



### जिला शिक्षा अधिकारी का रवैया नकारात्मक क्यों?

शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने और शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए एक ओर जहां चिंता करते हुए जिला पंचायत की स्थाई शिक्षा समिति के सदस्य बैठक बुलाकर कामकाज की रूपरेखा तैयार करने में जुटे हुए हैं वहीं जिला शिक्षा अधिकारी शिक्षा जैसे गंभीर मामले में गैर जिम्मेदार रवैया अपनाते हुए शिक्षा व्यवस्था से मजाक कर रहे हैं। बैठक में इस बात को लेकर चिंता की गई थी आखिर जिला शिक्षा अधिकारी इस तरह की स्थिति क्यों निर्मित कर रहे हैं। आपको बता दें कि जिला शिक्षा अधिकारी श्री दीक्षित लंबे समय से जिले में पदस्थ हैं।

# नरेंद्र मोदी की सरकार तीसरी बार ना बने इसके लिए दुष्प्रचार का सहारा लिया गया: सांसद

### कार्यकर्ताओं के संकल्प और जनता के भरोसा से सरकार बनी




**सतना।** गुरुवार को यहां भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार तीसरी बार नहीं बने इसके लिए विपक्ष ने दुष्प्रचार का सहारा लिया,लेकिन कार्यकर्ताओं के संकल्प और जनता के भरोसे सरकार तीसरी बार बनी। 2014 के चुनाव में जो विकास कार्य हुए थे उन कार्यो के मार्डल के आधर पर 2019 का लोक सभा चुनाव लड़ा गया था लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव राष्ट्रवादी और राष्ट्रविरोधी विचारधाराओं के बीच था। राष्ट्रवादी विचारधाराओं के साथ खड़ी भाजपा को रोकने के लिए समूचा विपक्ष एक जुट था। वो नही चाहता था कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में तीसरी बार सरकार बने। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ताओं पर एक बड़ी जिम्मेदारी आयी है कि वे इस भरोसे पर खरा उतरें।उन्होने कहा कि भाजपा करोड़ों लोगों के जीवन स्तर को बदलने का प्रयास कर रही है। जन कल्याण के साथ-साथ राष्ट्र को सक्षम और मजबूत बनाने का काम कर रही है। यह विपक्ष को दिखाई नही देता वह सिर्फ तुष्टि और संतुष्टि की राजनीत में जुटा है। जिला पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा है कि आज समूचे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। भारत के नेतृत्व में दुनिया का एजेन्डा बदल रहा है। यह पीएम मोदी के सक्षम नेतृत्व का परिणाम है। सांसद श्री सिंह ने कहा कि जिस तरह का विस्वास जनता ने भाजपा पर जताया है उससे भाजपा की जिम्मेदारी जहां बढ़ी है वहीं पार्टी के कार्यकर्ताओं को सतर्क और एक जुट रहने की जरुरत है,अब चुनाव समाप्त हो गये हैं लेकिन कार्यकर्ताओं का काम और बढ़ गया है। अब सभी कार्यकर्ता भाजपा को घर-घर पहुंचाने में जुट जाएं। इस दौरान पार्टी के जिला संगठन प्रभारी डॉ.अभय प्रताप सिंह यादव ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

### कार्यकर्ताओं के दम पर पूरा होगा विकसित भारत का संकल्पः राज्यमंत्री

राजनीतिक प्रस्ताव रखते हुए राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प कार्यकर्ताओं के दम पर पूरा किया जाएगा। चुनाव में मिली एतिहासिक जीत कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है।

## शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, मौत ले गई

# सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर हिट एंड रन की घटना में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

**सतना।** सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर हुए एक हिट एंड रन केस में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त कर ली गई है।पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक,सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर बरा कला और नकटी के बीच बुधवार को देर रात हुए सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान रावेंद्र कुशवाहा पिता रामेश्वर कुशवाहा (35) निवासी भैहाई सिंहपुर तथा बल प्रसाद कुशवाहा उर्फ लाला पिता भानु प्रसाद (32) निवासी टेढ़ी मझगवां के रूप में हुई है। दोनों बुधवार रात बाइक पर सवार होकर कोठी के पास ग्राम गुलुआ में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। बताया जाता है कि बरा कला और नकटी के बीच किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। दोनों बाइक सवार लहूलुहान होकर सड़क पर काफी देर तक पड़े रहे। रात लगभग 12 बजे उधर से निकले लोगों की निगाह उन पर पड़ी तो 108 पर कॉल कर उन्होंने एम्बुलेंस बुलाई। दोनों को देर रात जिला अस्पताल लाया गया,लेकिन यहां इलाज शुरू होने के कुछ देर बाद ही दोनों की मौत हो गई। गुरुवार दोपहर तक उनकी शिनाख्त भी नहीं हो पाई थी। हालांकि बाद में उनकी पहचान स्पष्ट हो गई और परिजनों ने अस्पताल पहुंच कर तस्दीक भी कर दी।



# पद्मश्री दाहिया सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान के परामर्श समिति सदस्य मनोनीत

**सतना।** जिले के वरिष्ट साहित्यकार पर्यावरणविद् भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित पद्मश्री बाबूलाल दाहिया को 'माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान के परामर्श समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन पर उनके अनेक मित्रों एवं शुभ चिंतकों ने प्रसन्नता ब्यक्त की है। इसके पहले भी श्री दाहिया आदिवासी लोक कला परिषद भोपाल,आकाश वाणी रीवा एवं जैव विविधता प्रबंधन समिति भोपाल के सलाहकार सदस्य तथा बसामन मामा पुरुस्कार चयन समिति सहित कई समितियों के सदस्य रह चुके हैं। गौरवतलब है की संग्रहालय द्वारा बीते 40 वर्षों में लगभग 30 हजार शीर्षक समाचार पत्र-पत्रिकाएँ,डेढ लाख से अधिक संदर्भ ग्रंथ पुस्तके,1हजार हस्तलिखित पाण्डु लिपियों,2 हजार पोथियों, 1934 अन्य दस्तावेजी प्रकाशन,लब्ध प्रतिष्ठ साहित्यकारों,पत्रकारों,शिक्षाविदों के 10 हजार अपपत्र,5 हजार संदर्भ फाइलें और 200 पुराने रेडियो,ग्रामोफोन, कैमरे,टाइपराइटर आदि का संग्रह हो गया है। बर्स की कलम से लेकर आधुनिक पेनों का संकलन एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों के शोध छात्र इस संदर्भ संपदा का लाभ उठा रहे हैं। अभी तक 1238 शोधार्थियों की थीसिस पूरी हुई हैं,जिन्हें पीएचडी और डीलिट् की उपाधियां मिल गई हैं। इसके साथ ही शोधकर्ताओं,पत्रकारों एवं पत्रकारिता के विद्यार्थियों तथा रचनाकारों के लिए संदर्भ सेवाएँ देने के अलावा शिक्षण-प्रशिक्षण सहित समाज में विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण चेतना के प्रसार और मीडिया में लोकप्रिय विज्ञान लेखन को बढावा देने हेतु शिक्षण-प्रशिक्षण, कार्यशाला,संगोष्ठी आदि का आयोजन किया जाता है।





### जगह-जगह किया गया पौधारोपण

**सतना।** एक पेड़ मां के नाम लगाने की अभियान के मद्देनजर गुरुवार को शहर में जगह-जगह पौधरोपण किया गया। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में और निवास में सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान ने पौधे लगाए। इसी प्रकार कोलगवा थाना परिसर में निरीक्षक सुदीप सोनी, चित्रकूट थाना परिसर में निरीक्षक पंकज शुक्ला, मझगवां थाना परिसर और यातायात थाना परिसर में पौधरोपण किया गया।

# जिला कार्यसमिति की बैठक 21 को पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता आएंगे

**सतना।** वैश्य महासम्मेलन सतना जिला कार्यसमिति की बैठक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व गृह मंत्री उमाशंकर गुप्ता के मुख्य अतिथि में आयोजित की जाएगी। प्रदेश के महामंत्री हरिओम गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर 21 जुलाई की बैठक को सफल बनाने सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई साथ ही प्रदेश संगठन द्वारा जिला इकाई,महिला इकाई एवं युवा इकाई के 12 कार्यक्रमों के प्रभारियों की नियुक्ति की गई एवं आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गई जिसमे गुड़ी पड़वा, आजीवन सदस्यों का सम्मेलन,पारिवारिक पिकनिक, समाजसेवी एवं मेघावी छात्र छात्राओं का सम्मान, रक्तदान शिविर, सेवा दिवस, वैश्य चेतना रैली, व्यक्तित्व विकास सेमिनार,क्रिकेट टूर्नामेंट, बसंत पंचमी, हरियाली तीज, गरबा, निःशुल्क कोचिंग का आयोजन कराया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री हरिओम गुप्ता,जिला प्रभारी लखन केसरवानी,जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता, महामंत्री सुरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष त्रिलोकी केसरवानी, युवा जिला प्रभारी अमित सोनी,नगर अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, प्रभारी अभिषेक जैन एवं जिला मीडिया प्रभारी विजय गुप्ता सहित वैश्य बंधु उपस्थित थे। वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई सतना द्वारा 14 जुलाई दिन रविवार को पारिवारिक पिकनिक का आयोजन किया गया है।



## कटरा बाजार में हटाया गया अतिक्रमण




**मैहर।** मैहर के घंटाघर,कटरा बाजार के दुकानदारों द्वारा किया गया अवैध अतिक्रमण सीएमओ लालजी ताम्रकार द्वारा दल बल के साथ हटवाया गया। इस कार्यवाही में मैहर थाना पुलिस स्टाफ भी साथ में सहयोगी रहा। घंटाघर,कटरा बाजार,रूई मंडी,गल्ला मंडी,के सामने,कटरा बाजार से काली माता मंदिर रोड तक दुकान दारों द्वारा अपने अपने दुकान के सामने किए गए अवैध अतिक्रमण को समझाइश देकर हटवाया गया। रूई मंडी में रूई व्यापारियों को सीएमओ द्वारा बताया गया रूई मंडी यहां से रेल्वे ओवर ब्रिज के नीचे इस पार शिफ्ट किया जा रहा है। आप सब रुई व्यापारीगण रेल्वे ओवर ब्रिज के नीचे अपनी-अपनी दुकान लगाए इस विषय को लेकर कुछ रूई व्यापारियों द्वारा सीएमओ से हल्की फुल्की नोक झोंक बहस हुई।अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी बालेंद्र पाण्डेय,शिव मोहन गौतम,अखिलेश सिंह चौहान,महेश कुशवाहा, धीरू पाठक,दीपक बढ़ौलिया,हरीश नामदेव,रवि साहू,दिलीप,बब्लू,आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### एक पौधा मां के नाम, ग्राम मोहडिया में हुआ पौध रोपण



**पवई।** एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत बुधवार को वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहडिया में न्यायाधीश कृष्णपाल सिंह सिसोदिया,एस डी ओ कल्पना तिवारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल की उपस्थित मे लगभग 50 पौधा रोपित किए। वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल ने ग्राम के लोगो से कहा कि हर व्यक्त एक पौधा मां के नाम रोपण करें पर्यावरण संरक्षण के लिए धरती पर पेडों का होना अतिआवश्यक है जिस तरह जीवन के लिए जल जलवायु की जरूर होती है उसी तरह अच्छी वारिस स्वच्छ जलवायु के लिए धरती पर पेड जरूरी है। इस दौरान बी.के. खरे, राकेश बढोलिया, प्रदीप मिश्र, दिनेश राठोर मनीष वर्मा सहित ग्राम के लोग मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से ड्राइवर की मौत



**पन्ना।** जिले के सलेहा थाना अंतर्गत हादसे की खबर सामने आई है. पन्ना जिले में दहेज के सामान से भरा ट्रैक्टर-ट्राली पटलने से ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि अन्य 4 गंभीर रूप से घायल हो गए। जिले के सलेहा थाना क्षेत्र में दहेज के सामान से भरा ट्रैक्टर-ट्राली आनियंत्रित होकर पलट गया। बताया जा रहा है कि सतना जिले के सकोहा ग्राम से बारात वापस लौट रही थी. ट्रैक्टर-ट्राली में दहेज का सामान लदा हुआ था। इसी दौरान पिपरिया मोड़ के पास अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क के बीचो-बीच पलट गया। इस दुर्घटना में 22 वर्षीय ड्राइवर पुष्पराज सिंह घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया. जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक इलाज देकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। इधर पुलिस ने मृतक के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. घटना के बाद से परिवार में मातम हुआ। फिलहाल, पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### भाई-बहन पर गिरी आकाशीय बिजली, एक की मौत दो घायल



**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में आज तेज गरज के साथ रिमझिम बारिश हो रही है। इसी बीच जिले के गुन्नौर थाना अंतर्गत ग्राम मुड़वारी से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। जिसमें आकाशीय बिजली गिरने से एक 12 वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मृतिका के दोनों भाई गंभीर रूप से घायल है। जिन्हें जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि, ग्राम मुड़वारी में आम के पेड़ के नीचे लक्ष्मी कुशवाहा (12) अपने दो छोटे भाइयों आशीष कुशवाहा (3) एवं शिब्बू कुशवाहा (4) के साथ बारिश से बचने के लिए बैठी थी। तभी अचानक तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरी। जिसमें तीनों घायल हो गए। किसी तरह गांव वालों की मदद से उन्हें उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुनौर में भर्ती करवाया गया। जहां लक्ष्मी कुशवाहा को जांच के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना में घायल दोनों भाइयों में एक की हालत नाजुक होने की वजह से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर किया गया है। जबकि एक भाई का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुनौर में जारी है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बतादें कि जिले में लगातार आकाशीय बिजली गिरने की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं।

# एक पेड़ मां के नामः अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में किया गया पौधरोपण






**पन्ना।**

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 11.07.2024 दिन गुरुवार को पन्ना पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना, समस्त थानों, पुलिस चौकी एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में सामूहिक रूप से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्राथमिकता के आधार पर बरगद, पीपल, नीम, आवंला, महुआ, जामुन, सागौन, आम के लगभग 2000 फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह, डीएसपी ए जे के राजेन्द्र मोहन दुबे, रक्षित निरीक्षक पन्ना खिलावन सिंह कंवर, रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार, थाना प्रभारी कोतावाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक अनूप यादव सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना, यातायात थाना, पुलिस लाइन पन्ना एवं कोतवाली पन्ना का पुलिस स्टॉफ उपस्थित रहा। उपस्थित पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा वृहद स्तर पर शहीद ग्राउण्ड परिसर में वृक्षारोपण किया गया एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम की फोटो वायु दूत अंकुर एप में अपलोड की गई साथ ही रोपित पौधों को वृक्ष बनने तक पोषण सुरक्षा की जिम्मेदारी ली गई।

# पवई जनपद में सामान्य सभा की बैठक संपन्न

## कई महत्वपूर्ण निर्णय पर लगी मोहर



**पवई।**

जनपद पंचायत पवई मैं जनपद अध्यक्ष मोहिनी आनंद मिश्रा की अध्यक्षता में जनपद पवई की सामान्य सभा बैठक संपन्न हुई जिसमें पशु चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यंत्रकी सेवा, एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने उनके विभागों में संचालित शासन की योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की बैठक में मौजूद जनपद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में चल रही शासन की योजनाओ की विसंगतियो एवं क्रियान्वयन के बारे में अपना पक्ष रखा बैठक में रखें साथ ही सभी सदस्यों की सहमति से सामान्य प्रशासन सभा के सचिव एवं सीओ जनपद पंचायत अखिलेश उपाध्याय ने 15 जुलाई को बनौली में मुख्यमंत्री कन्या विवाह की व्यवस्थाओं एवं आमंत्रण, जनपद पंचायत पवई प्रांगण में स्थित दुकानों की नीलामी, एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण, पांचवें वित्त से संबंधित विभागीय कार्यों सहित अन्य की स्वीकृति प्रदान की गई बैठक में सिमरा कला के जनपद सदस्य एवं वन समिति के सभापति राजाराम पटेल ने खुलकर कहां की वन समिति की सचिव एवं वन विभाग की एसडीओ कल्पना तिवारी ने पिछले दिनों सीईओ पवई के आग्रह पर जैसे तैसे बैठक आयोजित की तब उन्होंने अपमानजनक लहजे से कहा कि आपको किसी भी प्रकार का कोई अधिकार नहीं है ना ही आप वन विभाग की कोई जानकारी ले सकते हैं जिस पर जनपद अध्यक्ष मोहिनी आनंद मिश्रा ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा की एसडीओ महोदय शासन के नियम एवं आदेशों का उल्लंघन कर रही है जनपद सदस्य चुने हुए जनप्रतिनिधि है तथा जनपद पंचायत पवई की सामान्य सभा के सभापति भी हैं उन्हें इस तरह की भाषा बोलने का अधिकार कतई नहीं है जनपद सदस्य दयाशंकर लोधी ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की गतिविधियों पर असंतोष प्रकट करते हुए लगाम लगाने की बात कही।

# क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा ने अमानगंज नगर में किया जनसंपर्क, विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

### नगर के लोगों की सुनी समस्याएं, दिया समाधान का आश्वासन



**अमानगंज।** गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ राजेश वर्मा आज गुरुवार को अमानगंज में जनसंपर्क किया भ्रमण के दौरान नगर के लोगों की समस्याएं सुनी। विभिन्न वार्डों के लोगों ने सीवरेज, नाली पेयजल, गली व बिजली लाइन के तारों के संबंध में समस्याएं रखी एवम उनका समाधान करने की मांग की। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक डॉ राजेश वर्मा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का समय पर समाधान करने के आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।विधायक श्री वर्मा ने जिम्मेदार अधिकारियों तुरंत दूरभाष से बात करते हुए से कहा कि वे लोगों की सामूहिक समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर तुरंत मौके पर पहुंचकर समाधान करें। उन्होंने शिकायतों पर प्रगति रिपोर्ट भी पेश करने को कहा।और उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अब इस प्रकार की समस्याएं अगली बार सामने नहीं आनी चाहिए*वार्ड नंबर 6 हरिजन बस्ती पेयजल की समस्या का समाधान का दिया आश्वासन*अमानगंज वार्ड नंबर 6 के महिलाओं पुरुष सहित एकत्रित होकर पेयजल की समस्या रखी। वार्ड वासियों का कहना था कि हमारी पेयजल की कोई सुविधा नहीं हैं। जहां क्षेत्रीय विधायक ने तुरंत समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।*नगर में गंदे पानी की सप्लाई से लोग परेशान, क्षेत्रीय विधायक से सुनाई पीड़ा।*भारी भरकम टैक्स लगने के बाद नगर के लोगों को नहीं मिल पा रहा शुद्ध मीठा पानी,सप्लाई में जो पानी आता है वह दूषित होने के साथ-साथ गंदगी युक्त है। नगर के लोगों ने विधायक से पेयजल की समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई, जहां विधायक डॉ राजेश वर्मा ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाधान की बात कही। *!!एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत :विधायक डॉ राजेश वर्मा ने किया पौधारोपण!!*एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम तहत नगर परिषद अमानगंज के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 झिरियन मोहल्ला में विधायक डॉ राजेश वर्मा ने पौधा लगायाविधायक ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री ने शुरु किया है। इस दौरान प्रत्येक व्यक्ति ने एक-एक वृक्ष का रोपण किया और संकल्प भी लिया है कि उसका संरक्षण भी करेंगे। और इस कार्यक्रम में हमने जागरूकता का विषय पर ज्यादा जोर दिया। कार्यक्रम में अमानगंज के सभी भाजपा पदाधिकारी अधिकारी उपस्थित रहे।। सभी से आग्रह एक वृक्ष मां के नाम पर जरूर लगाए।*विधायक डॉ राजेश वर्मा ने कार्यकर्ताओं का किया सम्मान*आज क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश वर्मा अमानगंज के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर कार्यकर्ताओ से जनसंपर्क किया और वरिष्ठ लोगों का सम्मान किया लगातार बारिश होने के बावजूद जनता के लिए समर्पित लोकप्रिय जनसेवी कार्यकर्ताओं के घर पहुंचे और उनसे कुशल छेम पूछीऔर कार्यकर्ताओं को गले लगाकर उनका सम्मान किया।



# विद्युत मंडल के भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी करते मनमानी

## उमस भरी गर्मी में बिजली की आंख मिचोली से जनता परेशान

**अमानगंज।**

भीषण उमस भरी गर्मी से नगर सहित क्षेत्र की जनता परेशान देखी जा रही है और आग में घी डालने जैसा कार्य विद्युत मंडल विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। अमानगंज विद्युत मंडल में इन दिनों देखा जाए तो दलालों के माध्यम से हर काम किया जा रहा है जो नगर क्षेत्र की जनता से वर्षों से जमे कर्मचारियों एवं अधिकारी गुंडागर्दी पूर्वक जनता के साथ व्यवहार करते हैं मनमाने बिल देकर तानाशाही पूर्वक जनता से भुगतान कराना एवं अभद्रता पूर्वक व्यवहार करना यहां पर अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है अब इस भीषण गर्मी में पल-पल में बिजली की आंख मिचोली आम जनमानस के लिए किसी विकराल मुसीबत से कम नहीं है वर्ष भर विद्युत मेंटेनेंस के नाम पर कर्मचारी अधिकारी अपनी पीठ थपथपा रहे हैं और अब पल-पल में विद्युत कटौती करना उनकी मानसिकता उजागर हो रही है कि आम जनमानस पर यह कितने मेहरबान हैं दूसरी तरह विभाग के भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी विद्युत चोरी में शामिल होकर विभाग को ही चूना लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। गुनौर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक डॉ राजेश वर्मा जी से क्षेत्र की जनता की मांग है कि विभाग में फैली मनमानी भ्रष्टाचारियों पर तत्काल लगाम लगाई जाए जिससे आम जनमानस को विभाग की योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

# आत्मा गवर्निंग बोर्ड की हुई बैठक




**पन्ना।**

कई वर्षों पूर्व बनी आत्मा गर्वनिंग कमेटी में आज तक कोई बदलाव नहीं किया गया। वही पुरानी घिसी-पिटी चहेते चेहरे आज भी गर्वनिंग कमेटी की शोभा बने हुए है। जबकि गाईड लाईन में हर तीसरे वर्ष बदलाव आवश्यक है। किन्तु किन कारणों से आज तक आत्मा गर्वनिंग बोर्ड में कोई बदलाव नजर नहीं आया। क्या भविष्य में बदलाव संभव है यदि नहीं तो क्यों?

कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि विभाग की आत्मा योजना अंतर्गत गवर्निंग बोर्ड की बैठक हुई। इस अवसर पर उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन सहित बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित कार्ययोजना अनुरूप विकासखण्डवार प्रस्तावित वार्षिक भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यपूर्ति कार्यक्रमों की चर्चा की गई तथा वर्ष 2023-24 की भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यपूर्ति कार्यक्रमों का अवलोकन किया गया। इसके अतिरिक्त विकासखण्ड स्तरीय उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला कृषक समूह/कृषक को पुरूष्कार, नवाचार गतिविधि अंतर्गत मधुमक्खी पालन एवं कृषि आदान विक्रेताओं के 40 डीलर्स के तृतीय बैच प्रारंभ करने की चर्चा उपरांत बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। कलेक्टर ने नवाचार गतिविधियों को और बेहतर ढंग से करने एवं कृषक भ्रमण में किसानों को कृषि के बेहतर क्षेत्र वाले स्थानों पर भ्रमण कराने के निर्देश दिए। सभी कृषि अधिकारियों को प्रत्येक मंगलवार को पंचायत स्तर पर जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार करने के लिये भी निर्देशित किया गया। गौरतलब है कि कई वर्षों पूर्व बनी आत्मा गर्वनिंग कमेटी में आज तक कोई बदलाव नहीं किया गया। वही पुरानी घिसी-पिटी चहेते चेहरे आज भी गर्वनिंग कमेटी की शोभा बने हुए है। जबकि गाईड लाईन में हर तीसरे वर्ष बदलाव आवश्यक है। किन्तु किन कारणों से आज तक आत्मा गर्वनिंग बोर्ड में कोई बदलाव नजर नहीं आया। क्या भविष्य में बदलाव संभव है यदि नहीं तो क्यों।

# गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा का नगर अमानगंज दौरा, सुनी जनता की समस्याएँ

**अमानगंज।**



गुनौर विधायक राजेश वर्मा का नगर अमानगंज भ्रमण कार्यक्रम पार्टी की ओर से रखा गया, कार्यक्रम के तहत विधायक नगर परिषद अमानगंज पहुंचकर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति सारिका खटीक एवं पार्षदों द्वारा रोरी तिलक, पुष्पमाला से स्वागत किया गया। उपरांत वार्ड क्रमाँक 05 की पूर्व पार्षद भाजपा नेत्री श्रीमति गंगादेवी राजपूत जी के निवास पर पहुंचकर स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। माँ फार्मा पहुंचकर कार्यकर्ताओं एवं नगर के लोगों से मुलाकात कर समस्याएँ सुनी व तत्काल हल करने के संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से निर्देश दिए। भारी बारिश के बीच पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने पैदल वार्ड क्रमांक 05 स्थित सरस्वती विधालय के पूर्व प्राचार्य रुपकरण द्विवेदी जी, गोविंद राम प्यासी जी, गजा नामदेव जी एवं पूर्व सीएमओ मिथलेश द्विवेदी जी के घर पहुँच मुलाकात की, साथ ही वार्ड क्रमाँक 06 व 05 हरिजन बस्ती पहुंचकर स्थानीय लोगों की समस्याएँ सुनी। वार्ड क्रमाँक 05 में स्थानीय लोगों द्वारा सार्वजनिक शौचालय की माँग रखी गई। झिरियन मंदिर पहुंचकर एक वृक्ष माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। मीडिया से चर्चा में विधायक राजेश वर्मा ने कहा कि गुनौर विधानसभा की जनता ने मुझे जो सेवा का अवसर दिया है मेरा पूरा प्रयास है कि जन जन तक पहुंचकर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का निराकरण कराने की पूरी कोशिश करुं। विधायक जी के साथ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति सारिका खटीक, मंडल अध्यक्ष डा.प्रशांत चतुर्वेदी, पार्षद मुकेश चौवे राजू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लल्लू लाल रावत, रामलाल लखेरा, शंकर लहगेर, शारदा खटीक, राजेंद्र चौबे गुनौर, लखन लाल तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, अरविंद दुवे, गजेंद्र सिंह राजपूत, मीडिया से नीरज रैकवार, राजदीप गोस्वामी, आलोक मोदी एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मिढासन नदी व अमानगंज-पन्ना वायपास पर बोले विधायक

हाल ही में विधासभा सत्र के दौरान गुनौर विधानसभा की लाईफ लाईन कही जाने वाली मिढासन नदी के रख रखाव व जीर्णोद्धार को लेकर प्रश्न विधानसभा में रखा गया था,जिसपर बहुत जल्द कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन आपके द्वारा दिया गया,साथ ही नव निर्मित अमानगंज-पन्ना वायपास जो हाल ही में निर्मित हुआ है क्षणिक बरसात से ही उधडने लगा है इस बिषय पर भी उन्होने कहा कि जल्द ही दूसरा कोड डालकर मरम्मत के लिए मेरे द्वारा बोला गया है।इसी क्रम में नगर अमानगंज में दूषित पेय जल वितरण को लेकर संबंधित अधिकारी को चेताया। साथ ही नगर में बरसात के दिनों में जल भराव न हो व नालियों की साफ सफाई व मरम्मत के लिए नगर परिषद को कहा।

# पंचायत सचिव संतोष सिंह निलंबित

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय द्वारा जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत भसूड़ा के पंचायत सचिव संतोष सिंह को ग्राम पंचायत की जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित करने की कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में पंचायत सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय पन्ना निर्धारित किया गया है। इस अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। विभागीय जांच के लिए जनपद पंचायत सीईओ पन्ना को जांचकर्ता अधिकारी और खण्ड पंचायत अधिकारी को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त कर विभागीय जांच प्रतिवेदन एक माह के भीतर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। विदित हो कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। पंचायत सचिव विगत दो जनसुनवाई में निरंतर अनुपस्थित रहे। जनपद पंचायत पन्ना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया था कि पंचायत सचिव 27 मई 2024 से ग्राम पंचायत कार्यालय में बगैर किसी सूचना के अनुपस्थित हैं। इससे ग्राम पंचायत के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ द्वारा सचिव का उक्त कृत्य म.प्र. पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 3 के प्रावधानों के प्रतिकूल पाए जाने पर अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के नियम 4 के तहत निलंबित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पर लगे धमकाने के आरोप



**छतरपुर।** अक्सर विवादों में रहने वाले बिजावर के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राममनोहर तिवारी पर एक बार फिर जनपद के उपयंत्री के दफ्तर में घुसकर उसे धमकाने और मारपीट करने के आरोप लगे हैं। उपयंत्री की शिकायत पर राममनोहर तिवारी के विरुद्ध बिजावर थाना में गुंडागर्दी का मामला दर्ज किया गया है। जनपद पंचायत बिजावर में पदस्थ उपयंत्री ओपी द्विवेदी के मुताबिक पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राममनोहर तिवारी की मां जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत की सरपंच हैं। उपयंत्री ओपी द्विवेदी ने बताया कि राममनोहर तिवारी अपनी ग्राम पंचायत में कराए गए निर्माण कार्यों का नियम विरुद्ध तरीके से टीएस करने का दबाव उनके ऊपर बना रहा था। जब उपयंत्री ने टीएस करना अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर होने की बात कही तो राममनोहर तिवारी नाराज हो गया और दफ्तर में घुसकर उसके साथ मारपीट कर धमकी दी। घटना के बाद उपयंत्री ओपी द्विवेदी अपने साथी कर्मचारियों के साथ बिजावर थाना पहुंचे, जहां उनकी शिकायत पर राममनोहर तिवारी के विरुद्ध गुंडागर्दी का मामला दर्ज किया गया है।

### महिला को जहरीले सांप ने काटा



**छतरपुर।** मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम पिपौरा निवासी गणेश कुशवाहा की 31 वर्षीय पत्नी रजनी गुरूवार की सुबह नहाने के लिए कुएं पर जा रही थी, तभी रास्ते में एक जहरीले सर्प ने उसके पैर में काट लिया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने गणेश को फोन लगाकर सूचना दी। सूचना मिलते ही गणेश मौके पर पहुंचा और पत्नी को उठाकर सीधे जिला अस्पताल ले आया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। समय पर इलाज मिल जाने के कारण रजनी की हालत में सुधार बताया गया है।

### सूने घर से नगदी और जेवरात ले उड़े अज्ञात चोर

**बड़ामलहरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बरमा में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा एक सूने घर को निशाना बनाकर घर में रखी नगदी और जेवरात चोरी किए जाने की घटना सामने आई है। गुरूवार की सुबह जब परिवार वापिस लौटा तब उन्हें चोरी की जानकारी लगी। परिवार ने तत्काल पुलिस को सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। बरमा निवासी नंदी वंशकार की पत्नी सुनीता ने बताया कि मंगलवार की शाम को वह परिवार सहित रिश्तेदारी में गई थी। गुरूवार को जब घर वापिस लौटी तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला। जांच करने पर ज्ञात हुआ कि अज्ञात चोर घर में रखे 9 हजार रुपए नगद और बेटी ज्योति के 53 हजार रुपए के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। परिवार ने तत्काल बड़ामलहरा पुलिस को चोरी की सूचना दी। नंदी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धारा 305, 321 (4) के तहत मामला दर्ज विवेचना शुरु की है।

### उप निरीक्षक को दी भावभीनी विदाई



**बकस्वाहा।** पुलिस थाना बकस्वाहा में उप निरीक्षक शिवपाल सिंह का स्थानांतरण सागर पुलिस थाना होने पर एक विशेष विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस स्टाफ ने थाना परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर तिलक, शाल, और श्रीफल से सम्मानित करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। विदाई कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक शिवपाल सिंह ने अपने स्थानांतरण को प्रशासनिक प्रक्रिया बताते हुए पुलिस थाना में अपने कार्यकाल के दौरान विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस स्टाफ, स्थानीय नागरिकों, और प्रेस से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# क्षतिग्रस्त भवन में संचालित हो रहा निजी विद्यालय

## छत से टपक रहा पानी, हो सकता है बड़ा हादसा

**प्रदेश सरकार भले ही निजी स्कूलों की मनमानी को रोकने के लिए विविध प्रयास कर रही हो लेकिन ग्रामीण अंचलों में संचालित निजी विद्यालय संचालकों की मनमानी अब भी जारी है।**

भगवां।




ताजा मामला बड़ामलहरा जनपद अंतर्गत आने वाले भगवां कस्बे का है जहां क्षतिग्रस्त भवन में निजी विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। हालात यह हैं कि विद्यालय के कक्षों की छत से पानी टपक रहा है, ऐसे में किसी दिन बड़ा हादसा घटित हो सकता है लेकिन क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारी इस लापरवाही की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक भगवां में संचालित सैगेसिटी इंग्लिश स्कूल के संचालक कोमल राजपूत द्वारा निजी विद्यालयों के संचालन हेतु निर्धारित किए गए किसी भी नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। एक ओर विद्यालय के कक्षों की छत से पानी टपक रहा है तो वहीं दूसरी ओर दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें हैं। इसी क्षतिग्रस्त भवन में छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाने का दावा करते हुए विद्यालय संचालक द्वारा भोले-भाले लोगों से फीस के रूप में मोटी रकम वसूली जा रही है। सूत्रों की मानें तो बारिश के मौसम उक्त विद्यालय का भवन धराशायी हो सकता है, और यदि यह बात सही है तो बच्चों की जान दांव पर है। इसके अलावा सैगेसिटी इंग्लिश स्कूल के मुख्य द्वार के सामने गंदगी का अंबार है। नालियों की साफ-सफाई न होने के चलते बच्चों को गंदगी से बीच से गुजरना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा कस्बों और ग्रामीण अंचलों में संचालित निजी विद्यालयों की कभी जांच नहीं की जाती जिसके चलते निजी विद्यालय संचालकों के हौसले बुलंद हैं।

**इनका कहना है**

आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है, अगर निजी विद्यालय में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है और विद्यालय का भवन क्षतिग्रस्त है तो जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच के लिए बीईओ को निर्देश दिए जाएंगे।

**प्रशांत अग्रवाल, एसडीएम, बड़ामलहरा**



# चोरी और छीना-झपटी की घटनाओं को रोकने एक्शन में आई पुलिस

## कोतवाली थाना प्रभारी ने की सरप्राइज चैकिंग

**छतरपुर।** शहर के मुख्य बाजार और बस स्टैंड क्षेत्र में बढ़ रही चोरी, छीना-झपटी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए कोतवाली पुलिस द्वारा प्रयास शुरु कर दिए गए हैं। गुरूवार को कोतवाली थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ सर्राफा मार्केट, बस स्टैंड और ई-रिक्शा वाहनों की सरप्राइज चैकिंग की। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बाजार में लोगों के साथ छीना-झपटी, सर्राफा दुकानों में महिलाओं द्वारा खरीददारी की आड़ में चोरी, ई-रिक्शा और टैक्सी जैसे वाहनों में लोगों के पैसे चोरी और जेब काटे जाने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिन पर विराम लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रणनीति बनाई गई है। उसी क्रम में आज शहर के चौक बाजार, सर्राफा मार्केट, बस स्टैंड और ई-रिक्शा वाहनों में मिले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। इसके साथ ही लोगों से सचेत रहने की अपील भी की जा रही है। दुकानदारों से आग्रह किया है कि वे अपनी दुकानों में सीसीटीवी लगाएं, ताकि अपराधियों को पकडऩे की पुलिस को मदद मिल सके।

### छतरपुर एसडीएम अखिल राठौर ने निभा रहे सच्चे लोक सेवक का कर्तव्य

# पैर में चढ़ा प्लास्टर, फिर भी दे रहे अपने कर्तव्य को अंजाम

छतरपुर।

जिले के एसडीएम अखिल राठौर ने साबित कर दिया है कि सच्चा लोकसेवक किसी भी परिस्थिति में अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटता। पैर में प्लास्टर चढ़ा होने के बावजूद, वे अपने कर्तव्यों का पूर्णता से निर्वहन कर रहे हैं। यह उनकी सेवा भावना और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का जीता जागता उदाहरण है। एसडीएम अखिल राठौर का यह समर्पण छतरपुर की जनता के दिलों में एक विशेष स्थान बना चुका है। उनके इस कदम से न केवल छतरपुर बल्कि पूरे प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारियों के बीच एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। उनकी यह कहानी यह सिद्ध करती है कि सही नीयत और मेहनत से कोई भी चुनौती पार की जा सकती है, और लोकसेवक का असली कर्तव्य जनता की सेवा करना है।

### समर्पण और दृढ़ संकल्प

अखिल राठौर अपने पैर में प्लास्टर होने के बावजूद रोजाना अपने कार्यालय में उपस्थित रहते हैं और लोगों की समस्याएं सुनते हैं। यह उनके समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत कष्ट को पीछे छोड़कर अपने पद की गरिमा और जिम्मेदारियों को प्राथमिकता दी है। उनकी इस निष्ठा ने प्रशासनिक सेवा में एक नया मानदंड स्थापित किया है।



### दिनभर सुनते हैं लोगों की समस्याएं

एसडीएम अखिल राठौर दिनभर अपने कार्यालय में बैठकर जनता की समस्याएं सुनते हैं और त्वरित समाधान प्रदान करते हैं। उनके कार्यकाल में छतरपुर एसडीएम कार्यालय ने कई महत्वपूर्ण मामलों का त्वरित समाधान किया है। वे हर दिन सुबह से शाम तक बिना किसी ब्रेक के काम करते हैं, जिससे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इंतजार नहीं करना पड़ता। उनकी यह तत्परता और संवेदनशीलता लोगों के दिलों में उनके लिए विशेष सम्मान उत्पन्न करती है।

### जन सेवा में तत्पर

अखिल राठौर का यह समर्पण और सेवा भावना छतरपुर की जनता के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने दिखाया है कि सच्चा लोकसेवक किसी भी शारीरिक बाधा से अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटता। उनकी यह सेवा भावना अन्य सरकारी अधिकारियों के लिए एक मिसाल है। उनके द्वारा उठाए गए कदम जनता के प्रति उनके गहरे समर्पण को प्रदर्शित करते हैं।

### प्रभावी प्रशासन

उनके नेतृत्व में, छतरपुर एसडीएम कार्यालय ने नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने में विशेष सक्रियता दिखाई है। इससे आम जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास और बढ़ा है। उनकी उपस्थिति और नेतृत्व ने कार्यालय की कार्यक्षमता को बढ़ाया है, जिससे जनता को प्रशासन से जुड़ी समस्याओं का जल्दी समाधान मिल रहा है।

### लोगों का समर्थन

उनकी इस लगन और समर्पण के कारण उन्हें जनता का व्यापक समर्थन और प्रशंसा प्राप्त हो रही है। उनके इस प्रयास को लोग बहुत सराह रहे हैं। जनता उनके पास आने से हिचकिचाती नहीं है, क्योंकि वे जानते हैं कि अखिल राठौर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनेंगे और उसका समाधान करेंगे।

### प्रेरणादायक उदाहरण

अखिल राठौर का यह समर्पण अन्य सरकारी अधिकारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि किसी भी स्थिति में अपने कर्तव्यों का पालन कैसे किया जा सकता है। उनके इस कदम से यह स्पष्ट हो गया है कि सही नीयत और मेहनत से कोई भी चुनौती पार की जा सकती है, और लोकसेवक का असली कर्तव्य जनता की सेवा करना है। उनके कार्य और सेवा भावना ने प्रशासनिक सेवा में नई ऊंचाइयां स्थापित की हैं।

# क्रोध के पीछे संस्कार में बैठी गहरी मान्यता: लखनलाल असाटी

छतरपुर।




विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान करते हुए प्राचार्य लखनलाल असाटी ने सहानुभूति, समानुभूति, चेतना, संवाद, क्रोध आदि शब्दों का विस्तार से वर्णन किया। अनेक बच्चों का प्रश्न था कि उन्हें क्रोध बहुत आता है इस पर लखनलाल असाटी ने कहा कि क्रोध आता नहीं है अपितु हम करते हैं और वह भी खुद की स्वीकृति से। इस स्वीकृति के पीछे हमारे अंदर के संस्कारों में बैठी गहरी मान्यता होती है। उन्होंने कुछ उदाहरण देकर कहा कि एक जैसी गलती करने पर हम छोटों पर गुस्सा करते हैं परंतु बड़ों से संकोच करते हैं। छोटे भाई से गिलास टूट जाने पर उसके साथ मारपीट कर सकते हैं पर पिता के हाथ गिलास टूटने पर कोई बात नहीं कहकर टुकड़े बटोरने लग जाते हैं। इसका आशय यह है कि एक जैसी घटनाओं पर हमारी प्रतिक्रिया बिल्कुल अलग-अलग है। क्योंकि हमारे संस्कारों में यह गहरी मान्यता बैठ चुकी है कि बड़ों का सम्मान करना चाहिए पर वास्तविकता तो यह है कि सम्मान की आवश्यकता तो सभी को है।

अपनी कल्पनाशीलता को ठीक ढंग से देखने का प्रयास करेंगे तो यह भी दिखाई देगा कि जिस व्यक्ति पर हमें क्रोध आता है उसके प्रति पहले से ही हमने कोई विरोध का भाव पाल रखा है। जैसे कि कई बार हम कहते हैं कि सीधी उंगली से घी नहीं निकलता अथवा लातों के भूत बातों से नहीं मानते आदि-आदि। इसीलिए कई बार सामने वाला अपनी पूरी बात रख भी नहीं पाता है और हम गुस्सा करने लगते हैं। वस्तुतः हम एक गैस सिलेण्डर की भांति खुद को प्रस्तुत करते हैं जिसका नॉब खुला हुआ है तब कोई भी सामने वाला लाईटर दिखाता है और हम भड़क जाते हैं। हमने अपने जीने में जिन मान्यताओं और धारणाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी वही हमारे संस्कार बन जाते हैं। आवश्यक तो यह है कि मान्यताओं को जांच परख कर लें उसके बाद ही उन्हें स्वीकार करें। लखनलाल असाटी ने कहा कि सहानुभूति का आशय किसी के सुख-दुख में भाव अभिव्यक्ति तक सीमित है। परंतु समानुभूति के दौरान उसके सुख-दुख को अपना सुख-दुख समझकर हम कुछ करते भी हैं। इस दौरान रामपुर विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ वरिष्ठ शिक्षक राजीवरमन पटैरिया, श्रीपाल अहिरवार, अभय कुमार जैन, कृष्ण कुमार तिवारी, शरद कुमार नामदेव, सुरेश कुमार अहिरवार, ज्योति व्यास, कुंवर सिंह केवट, ललित तिवारी उपस्थित थे।

# दबंगों के आतंक से परेशान हैं परिवार, मां-बेटे के साथ की मारपीट

## बिजावर पुलिस पर लगे सुनवाई न करने के आरोप, एसपी से की शिकायत

छतरपुर।

बिजावर थाना अंतर्गत आने वाली खैरा चौकी क्षेत्र के ग्राम एरोरा निवासी दुबे परिवार ने गुरूवार को जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देते हुए बताया कि वे गांव के दबंग परिवार की प्रताडऩा से परेशान हैं। पूर्व से चल रहे विवाद को लेकर पिछले दिनों दबंग परिवार ने न सिर्फ मां-बेटे के साथ मारपीट की बल्कि घर के बाहर खड़े उनके ट्रैक्टर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। यह भी आरोप हैं कि मामले की शिकायत किए जाने के बावजूद बिजावर पुलिस आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर रही है।

ग्राम एरोरा निवासी मीना दुबे ने बताया कि करीब 5 माह पूर्व गांव के उमेश दुबे से उसके परिवार का विवाद हुआ था, तभी से उमेश लगातार उसके परिवार को मारने की धमकी दे रहा है। इसकी शिकायत बिजावर थाने में की गई थी लेकिन आरोपी की पहुंच के चलते बिजावर पुलिस ने 294, 506 जैसी मामूली धाराओं में मामला दर्ज कर शिकायतकर्ता को भगा दिया था। मीना के मुताबिक गत 7 जुलाई की रात करीब 8 बजे उमेश दुबे ने उसके पुत्र मोहित के ऊपर हमला कर दिया। जब मीना अपने बेटे को बचाने गई तो उमेश ने उसके साथ भी मारपीट की। मीना ने तुरंत बिजावर थाना जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने उमेश के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 118(1), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध तो पंजीबद्ध किया लेकिन गिरफ्तारी नहीं की गई। मीना के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद जब वह वापिस अपने घर पहुंची तो रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच उमेश और उसके परिजन चंद्रकिशोर, अन्जू, अन्नू आदि ने घर के बाहर रखे ट्रैक्टर में तोड़-फोड़ कर दी। मीना का आरोप है कि जब ट्रैक्टर में तोड़-फोड़ किए जाने की शिकायत करने के लिए उसका देवर किशनलाल बिजावर थाना गया तो इस बार पुलिस ने शिकायत नहीं ली, उल्टा उसे डांटकर भगा लिया। मीना ने बताया कि मुख्य आरोपी उमेश दुबे के ऊपर पूर्व में कई संगीन अपराध दर्ज हैं इसके बाद भी पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी न होने के कारण मीना और उसका परिवार दहशत में हैं। एसपी को आवेदन देकर मीना दुबे ने कार्रवाई की गुहार लगाई है।



# गिरी आकाशीय बिजली, मौत

**छतरपुर।** खजुराहो थाना अंतर्गत आने वाली अकौना चौकी क्षेत्र के ग्राम धवाड़ में विवाह समारोह चल रहा था इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आकर दूल्हे के जीजा सहित लगभग डेढ़ दर्जन बाराती जख्मी हो गए। चूंकि दूल्हे का जीजा गंभीर रूप से घायल हुआ था, इसलिए उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया गया लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी उसकी मौत हो गई।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक बमीठा अंतर्गत आने वाली चंद्रनगर चौकी क्षेत्र के ग्राम सूरजपूरा निवासी विनोद आदिवासी का विवाह ग्राम धवाड़ में तय हुआ था। 10 जुलाई को धूमधाम से बारात धवाड़ पहुंची जहां विवाह की रस्में शांतिपूर्वक संपन्न हो रही थीं। गुरूवार की सुबह के वक्त विनोद की भांवर पड़ रहीं थीं और आसपास बाराती बैठे हुए थे, तभी तेज गर्जना के साथ विवाह स्थल पर आकाशीय बिजली गिरी। आकाशीय बिजली की चपेट में आकर विनोद का जीजा मोहन पुत्र सोहन आदिवासी उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम लहर थाना किशनगढ़ सहित करीब डेढ़ दर्जन बाराती जख्मी हो गए। चूंकि जीजा मोहन आदिवासी की हालत गंभीर थी इसलिए उसे आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और वहां से तुरंत जिला अस्पताल रेफर किया गया लेकिन जब तक मोहन जिला अस्पताल पहुंचा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद मौत की पुष्टि कर दी। वहां जैसे ही गांव में यह जानकारी पहुंची वैसे ही खुशियों का माहौल मातम में तब्दील हो गया।

# 5 दिनों तक विश्राम के बाद वापिस मंदिर के लिए रवाना हुए भगवान जगन्नाथ

### विश्राम स्थल पर श्री लाल कड़क्का रामलीला समिति ने कराया विशाल भंडारा

छतरपुर।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर में भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा निकाली जा रही है, जिसका शुभारंभ गत रविवार को तमराई मोहल्ला के स्वामी जू मार्ग स्थित स्वामी जी मंदिर से हुआ था। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के बीच भगवान का रथ महल तिराहा स्थित पुरानी तहसील प्रांगण में बनाए गए विश्राम स्थल पर पहुंचा था, जहां 5 दिनों तक विश्राम करने के उपरांत गुरुवार को भगवान जगन्नाथ पालकी में सवार होकर पुनः मंदिर के लिए रवाना हो गए हैं। विश्राम स्थल पर गुरुवार की शाम को श्री लाल कड़क्का रामलीला समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



तमराई मोहल्ला स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के पुजारी विपिन पौराणिक ने बताया कि पुरानी तहसील परिसर में 5 दिनों तक विश्राम के बाद भगवान जगन्नाथ पालकी में सवार होकर पुनः जगन्नाथ मंदिर जा रहे हैं, जहां 15 जुलाई तक रथ यात्रा के शेष कार्यक्रम संपन्न होंगे। वहीं लाल कड़क्का रामलीला समिति के संयोजक प्रवीण गुप्ता ने बताया कि भगवान जगन्नाथ के 5 दिवसीय विश्राम के दौरान सांध्यकालीन बेला में प्रतिदिन श्री लाल कड़क्का रामलीला समिति द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 7 जुलाई को समिति ने संगीतमय सुंदरकांड का पाठ कराया, जबकि 8 जुलाई को स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसी तरह 9 जुलाई को कीर्तन कलाकार लालमन चंचल और नीलम विश्वकर्मा के बीच कीर्तन का जवाबी मुकाबला हुआ और 10 जुलाई को बुंदेलखंड के प्रसिद्ध गायक खनिज देव चौहान एवं उनकी टीम द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी गई, जिसमें उनके द्वारा एक से बढ़कर एक भजन सुनाए गए। गुरुवार को समिति द्वारा विश्राम स्थल पर विशाल भंडारे कराया गया, जिसमें सैकड़ों धर्म प्रेमियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## खबर संक्षेप

### सड़क किनारे मृत पड़े गौ वंश के मांस को काटकर बिक्री के लिए ले जाते तीन पकड़ाए.



**रीवा।** जिले के विश्वविद्यालय थाना अंतर्गत सड़क किनारे पड़े मृत्यु गौ वंश का मांस काट कर ले जाते हुए दो युवकों को पकड़ा गया है जिन्हें पुलिस के हवाले किया गया। इस पूरे मामले के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गौ सेवक रमाशंकर मिश्रा पिता सीताराम मिश्रा को दोपहर के लगभग 2 बजे सूचना मिली कि विश्विद्यालय थाना क्षेत्र के इटौरा के समीप कुछ लोगो द्वारा सड़क किनारे मृत पड़े गौ वंश के मांस को कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काट कर ले जाया जा रहा है,जिसके बाद वह अपने साथियों के साथ मौके पर जा पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि वहाँ पर 3 व्यक्तियों द्वारा गौ वंश के टुकड़े करके मांस को सफेद बोरी में भरकर अज्ञात जगह, मोटर साइकल द्वारा भागने लगे। जिन्हे मौके पर ही पकड़ लिया गया, वही विश्वविद्यालय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया, पुलिस द्वारा की पूछताछ के दौरान तीनों ने अपना नाम श्यामलाल साकेत, सुन्दर सुमन साकेत और सीमा साकेत बताया। पुलिस ने तीनों को मांस सहित थाने में बैठा कर गौ सेवको कि मांग को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया।

### उप मुख्यमंत्री ने जनसंख्या स्थिरता जागरूकता रथ को दिखाई हरी झण्डी



**रीवा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कलेक्ट्रेट परिसर रीवा में जन संख्या स्थिरता जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। श्री शुक्ल ने रथ के साथ चलकर जनसंख्या स्थिरीकरण का भी संदेश दिया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सदस्यता सूची प्रकाशित - दावे-आपत्तियाँ आज तक आमंत्रित

**रीवा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति देउरा पटेरा के संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया जारी है। सदस्यों के निर्वाचन के लिए सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन 4 जुलाई को कर दिया गया है। इस संबंध में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विकास माठे ने बताया कि सदस्यता सूची का प्रकाशन सहकारी समिति के कार्यालय देउरा पटेरा में कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावे एवं आपत्तियाँ 12 जुलाई को संस्था कार्यालय में दोपहर 12 बजे तक दर्ज कराई जा सकती हैं। दावे-आपत्तियों का निराकरण करने के बाद सदस्यता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन किया जाएगा।

### सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए जनपद पंचायत मऊगंज में रोजगार मेले का आयोजन आज

**रीवा।** एसआईएस द्वारा जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा कर्मी, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी के पद हेतु इच्छुक बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण के उपरांत संस्था द्वारा स्थाई रोजगार से जोड़ा जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जनपद पंचायत मऊगंज में 12 जुलाई को सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। रोजगार मेले में 19 वर्ष से 40 वर्ष आयु के 10वीं कक्षा पास/फेल 167.5 सेंटीमीटर ऊंचाई के युवा शामिल हो सकते हैं।

# शहर के विभिन्न स्कूलों के आसपास ठेला एवं गुमटियों को हटाने की कार्रवाई शुरू

रीवा। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत शहर के विभिन्न स्कूलों के आसपास ठेला एवं गोमतियों को हटाने की कार्यवाही शुरू। तंबाकू और मादक पदार्थों मेडिकल नशे की अनाधिकृत बिक्री पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के आदेशानुसार स्कूलों के 100 मीटर की परिधि में सिगरेट, तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाई जा रही है।



इस कदम के तहत सभी जोन के अतिक्रमण प्रभारियों द्वारा तेजी से कार्रवाई करते हुए शहर की विभिन्न स्कूलों को आसपास के ठेला एवं गोमतियों पर संचालित दुकानों को बंद कराकर गोमती हटाने को कार्रवाई की गई। शहर में मुनादी कराते हुए दुकानदारो को सूचित किया गया स्कूल परिसर के पास मादक पदार्थों की बिक्री किये जाने पर चालानी एवं जप्ती कार्यवाही की जावेगी। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि यह अभियान सतत जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जनता से भी अपील की है कि वे इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना नगर निगम को दें, ताकि त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस कार्रवाई से स्कूलों के आसपास का वातावरण सुरक्षित बनाने का प्रयास किया गया है, ताकि बच्चों को मादक पदार्थों की पहुंच से दूर रखा जा सके। निगमायुक्त ने कहा कि इस मुहिम का उद्देश्य समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाना है और इस दिशा में कोई भी कोताही नहीं बरती जाएगी। निगमायुक्त के आदेश के परिपालन में पान गोमती, ठेला हटाने की कार्यवाही में आज जोन क्र. 1 अंतर्गत एसके स्कूल के पास, जोन क्र. 2 मार्तण्ड स्कूल के सामने से तथा जोन क्र. 3 पीके स्कूल एवं जोन क्र. 4 मूक बधिर विद्यालय व शा0 पूर्व मा0 कन्या विद्यालय के साथ ही अन्य अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई वार्ड क्र 04 पड़रा में रोड पटरी से अवैध निर्माण बन्द कराया गया। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

## सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर जारी



**रीवा।** निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत वर्षा ऋतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। दिनांक 11.07.2024 को वार्ड 39 बीहर काम्पलेक्श मड़फा के पीछे का बड़ा नाला साफ कराया गया, वार्ड 25 विवेकानंद नगर में विन्ध्य ज्ञान स्थली हायर सेकण्डरी के एरिया का बड़ा नाला की सफाई कराई गई। वार्ड 12 रिलायंस पेट्रोल पम्प के सामने का बड़ा नाला साफ कराया गया। वार्ड 18 कलेक्ट्रेट के बगल के नालियो की सफाई कराई गई। समान नाका से होटल लैण्डमार्क एवं रतहरा तालाब से जेएनसिटी चौराहा तक सड़क के दोनो तरफ के डिवाइडर एवं



पटरी की सफाई कराई गई। वार्ड 22 अस्पताल चौराहा सुलभ काम्पलेक्स एरिया की सफाई कराई गई। पचमठा मंदिर परिसर की सफाई के साथ ही शहर के अन्य नाला नालियों की सफाई कराई गई एवं कचरे का उठाव का कार्य टैक्टर एवं टैम्पो द्वारा कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविन्द चतुर्वेदी द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण किया गया।

## पेड़ बैठे हुए संत हैं तथा संत चलते-फिरते पेड़ हैं - उप मुख्यमंत्री

### उप मुख्यमंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पुलिस लाइन में किया पौधरोपण

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पेड़ बैठे हुए संत के समान हैं तथा संत चलते-फिरते पेड़ हैं। जिस प्रकार पेड़ हमें छाया, फल तथा ऑक्सीजन आदि देते हैं उसी प्रकार संत से भी हमें अपनी वांछित मनोकामना प्राप्त होती है। राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि पेड़ कुछ माँगता नहीं है वह चाहता है कि शोषण नहीं वरन उसका दोहन हो। एक पेड़ माँ के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम है। ग्लोबल वार्मिंग व क्लाइमेट चेंज जैसी समस्या से निदान का एक मात्र उपाय ही वृक्षारोपण है।



पुलिस लाइन रीवा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत उप मुख्यमंत्री ने पौधे का रोपण किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष धरती का श्रृंगार है। यह प्राण देने वाले हैं। जहाँ घने पेड़ होते हैं वहाँ की सुंदरता भी बढ़ जाती है। वृक्षारोपण अभियान को जन आंदोलन बनाना होगा। बच्चों सहित हर व्यक्ति में यह शौक आ जाए कि वह पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाए। राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों में अपने घर के आसपास व अन्य रिक्त जगहों में पौधरोपण कर इन्हें सहेजने का भाव जाग्रत करने की जरूरत है तभी आने वाली पीढ़ी ऑक्सीजन की कमी व ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से दूर रहेगी। उन्होंने कहा कि जिले में ढाई लाख पौधे लगाए जा रहे हैं। साथ ही रीवा शहर में 25 हजार पौधे लगाकर इसे हरा-भरा बनाया जा रहा है। रीवा में अधोसंरचना विकास के साथ पर्यावरण से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं जो भावी पीढ़ी के लिए सौगात है। उन्होंने आमजनों से इस अभियान में जुड़ने की अपील की। राजेन्द्र शुक्ल ने नशामुक्त रीवा बनाने में सभी से सहभागिता की भी अपेक्षा की।

इससे पूर्व पुलिस महानिरीक्षक एमएस सिकरवार ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान अभिनव अभियान है। पेड़ हमारे लिए प्राणदाता हैं। इनसे हम लेते तो सब हैं पर देते नहीं। अतः हमारी जिम्मेदारी है कि पेड़ लगाएं और इनका संरक्षण करें। उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आम लोगों की भागीदारी के लिए साधुवाद दिया तथा आश्वस्त किया कि पुलिस सभी को जोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास सदैव करती रहेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा चार हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में आईजी एमएस सिकरवार, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, राजेश पाण्डेय, ममता नरेन्द्र सिंह, निर्मला बहन सहित स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों, छात्रों तथा पुलिस परिवार के सदस्यों ने वृक्षारोपण अभियान में अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन टीआई हितेन्द्रनाथ शर्मा ने किया।



# घर से निकला युवक हुआ लापता, नदी किनारे मिली चालू हालत बाइक व मोबाइल

## एनडीआरएफ की मदद से तलाश में जुटी पुलिस

**रीवा। जिले के विश्वविद्यालय थाना अंतर्गत घर से निकले युवक की बाइक मोबाइल सहित अन्य सामान नदी के किनारे मिलने के बाद संदेह के आधार पर पुलिस द्वारा एसडीआरएफ की टीम के साथ बिहर नदी में युवक की तलास में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।**



घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुढ़िया निवासी विपिन शुक्ला पिता देवेंद्र शुक्ला उम्र 22 वर्ष बुधवार की सुबह घर से अपने मौसी की बेटी के यहां ग्राम मनकहरी जाने के लिए निकला था इसके बाद वह घर वापस नहीं पहुंचा परिजनों ने जब उसकी पता तलास कि तो उसकी बाइक सहित चालू हालत में मोबाइल और टोपी इटौरा बाईपास के समीप बिहर नदी के किनारे रखा मिला जिसके बाद संदेह के आधार पर विश्वविद्यालय पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस द्वारा एसडीआरएफ की टीम के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है, परिजनों ने बताया कि विपिन कल सुबह मनकहरी गांव जाने के बाद निकाला था जिसके बाद शाम करीब 4:30 बजे उसकी अपनी मां से बात हुई थी और इसके बाद किसी भी प्रकार का कोई संपर्क नहीं हुआ तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और मोबाइल लोकेशन के आधार पर इटौरा बाईपास के समीप नदी के किनारे पहुंचे वहीं जांच के दौरान पुलिस ने 3:17 पर एक सीसीटीवी कैमरे में युवक को भी जाते हुए देखा है ,वही युवक के मोबाइल का कॉल डिटेल भी डिलीट कर दिया गया है, अब संदेह के आधार पर बिहर नदी में उसकी तलास की जा रही है।

## प्राइवेट व्यक्ति को दे दिया बिजली सुधार का परमिट सुधार कार्य के दौरान करंट में फंसकर झुलसा

### त्यौंथर के रायपुर सोनौरी सब स्टेशन के रजहा फीडर में लापरवाही, घायल प्रयागराज में भर्ती हालत गंभीर

**रीवा।** जिले मे बिजली कंपनी में कर्मचारियों की लापरवाही आए दिन हादसों का कारण बन रही है। हालत इतनी बत्तर है कि कर्मचारियों ने एक प्राइवेट व्यक्ति को बिजली सुधार के लिए परमिट दे दिया। काम के दौरान वह करंट की चपेट में आकर घायल हो गया। घटना सोहागी थाना के रायपुर सब स्टेशन के रजहा गांव की है। घायल को प्रयागराज में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध मिली जानकारी के अनुसार रजहा गांव में विद्युत केबिल खंभे से खराब हो गई थी। ग्रामीण रामभुवन मिश्रा ने बिजली कंपनी के कर्मचारियों से बात की तो उन्होंने बिजली सुधार के लिए प्राइवेट व्यक्ति को परमिट जारी कर दिया। परमिट मिलने के बाद रामभुवन जैसे ही विद्युत पोल पर चढ़े तो अचानक लाइन चालू हो गई और करंट में फंसकर वे बुरी तरह झुलस गए। परिजन उनको चाकघाट अस्पताल लेकर गए जहां हालत गंभीर होने पर प्रयागराज रेफर कर दिया गया। हैरानी की बात है कि बिजली सुधार का परमिट सिर्फ विभाग के कर्मचारियों को दिया जाता है लेकिन यहां एक निजी



व्यक्ति को परमिट दे दिया और बाद में लाइन को चालू भी कर दिया गया।

#### इनका कहना है

इस पूरे मामले में जांच के आदेश जारी किए। जेई व एई द्वारा इस पूरे मामले की जांच की जाएगी। प्राइवेट व्यक्ति करंट में फंसकर घायल हो गया है। प्राइवेट व्यक्ति को परमिट जारी करना नियमानुसार अनुचित है।

**अल्पा ठाकुर कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग रीवा।**

## केजी की शिक्षा आंगनबाड़ी में दिलाने की उठी मांग

### आयुक्त महिला एवं बाल विकास भोपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नेअखिल भारतीय आंगनबाड़ी फेडरेशन के राष्ट्रीय आवाहन के तहत 10 जुलाई को मांग दिवस मनाने के लिए एवं केजी1, केजी2 की शिक्षा आंगनवाड़ी में दी जाने की व्यवस्था किए जाने एवं संपर्क एप को बंद किए जाने हेतुअखिल भारतीय आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर फेडरेशन के राष्ट्रीय आह्वान पर 10 जुलाई को देश भर में मांग दिवस के रूप में मनाने, वर्तमान में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी आंगनबाड़ियों को कमजोर करने वाले आदेश को निरस्त करने एवं केजी 1एवं केजी 2 की शिक्षा आंगनवाड़ी में ही दी जाने की व्यवस्था किए जाने की मांग को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन मध्य प्रदेश (सीटू) के द्वारा प्रदेश में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आयुक्त महिला एवं बाल विकास विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के नाम ज्ञापन शौप रहे हैं इसी तारतम्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता स्नेहलता एवं मनीष शर्मा के नेतृत्व में तहसील कार्यालय नईगढ़ी पहुंचकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार नईगढ़ी को ज्ञापन सौंपा है।

# एक पेड़ मां के नाम: कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक एवं कलेक्टर ने मां के नाम पर किया पौधरोपण

**मऊगंज।** जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी द्वारा जोधपुर क्रमांक 1 में विधायक नरेंद्र प्रजापति के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, एसडीम बीपी पांडे, जनपद सीईओ कल्पना यादव रहे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत नईगढ़ी की अध्यक्ष ममता तिवारी ने की।

आयोजित कार्यक्रम मुख्य रूप से एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने एक-एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया। साथ ही उन्हें सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी ली।मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने उद्बोधन में मनगवां क्षेत्र के विधायक नरेंद्र प्रजापति ने कहा कि यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी और डॉ मोहन यादव और हमारे प्रधानमंत्री के द्वारा वृक्षारोपण और जिस प्रकार से उसकी उपयोगिता है। वह






बतलाने का यह एक कार्यक्रम रहा है। इस कार्यक्रम में उपस्थिति प्रत्येक व्यक्ति ने एक-एक वृक्ष का रोपण किया और संकल्प भी लिया है। कि उसका संरक्षण भी करेंगे और इस कार्यक्रम में हमने जागरूकता का विषय पर ज्यादा जोर दिया। कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि 16 सौ पौधों का रोपण किया जा रहा है। यहां झाड़ियां में पिछले साल भी पास के क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया था। और बड़ी संख्या में पौधे लगे हैं और तैयार हो रहे हैं। यहां लोग बहुत प्रोत्साहित हैं। और हमारा टारगेट है। कि हम हर ब्लॉक में लगभग 25 हजार पौधे लगाएंगे। वही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जनपद अध्यक्ष ममता कुंज बिहारी तिवारी ने भी सभी से एक-एक पेड़ लगाने की अपील की। तो वही एसडीएम बीपी पांडे, जनपद पंचायत नईगढ़ी सीईओ कल्पना यादव सहित अन्य वक्ताओं ने भी पर्यावरण संरक्षण में पौधों के महत्व की चर्चा की एवं एक-एक पेड़ सभी से लगाने की अपील की। कार्यक्रम का सफल संचालन उमेश तिवारी द्वारा किया गया।आयोजित कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के तहत जोधपुर क्रमांक एक में मुख्य रूप से जनपद सदस्य केसरी प्रसाद तहसीलदार नईगढ़ी दीपक तिवारी समाजसेवी कुंज बिहारी तिवारी एपीओ अनीश पांडे उमेश तिवारी सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधि जनपद के अधिकारी, कर्मचारी, आंगनवाड़ी, आशा, कार्यकर्ता क्षेत्र के ग्रामीण जनों सहित अन्य लोग मौजूद रहे।